AGRA POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेस नोट थाना डौकी जनपद आगरा।   दिनांक 24.07.2022

थाना डौकी पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अन्जाम देने वाले 02 शातिर चोरों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 01 ईको गाड़ी व 03 मोटरसाइकिल बरामद.....

जनपद में चोरी, लूट आदि आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं संलिप्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पूर्वी के नेतृत्व में, क्षेत्राधिकारी फतेहाबाद के सफल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी डौकी को टीम गठित करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में दिनांक 23.07.2022 को थाना पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र वाजिदपुर अन्डरपास आगरा लखनऊ एक्सप्रेस पर चैकिंग की जा रही थी। इस दौरान फतेहाबाद सर्विस रोड की तरफ से एक ईको गाड़ी आती हुयी दिखायी दी। पुलिस टीम द्वारा रूकने का इशारा करने पर चालक सकपका गया। पुलिस टीम द्वारा चारों ओर से घेरकर गाड़ी को रोक लिया गया। गाड़ी के कागजात मांगने पर नहीं दिखा सके।

पूछताछ का विवरण :–

पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर अपना नाम योगेश उर्फ जुगनू व प्रदीप उर्फ उमाशंकर बताया गया। सख्ती से पूछताछ करने पर बताया गया कि हम दोनों मोटरसाइकिल चोरी करते हैं। हम दोनों ने अभी तीन दिल पहले गोला नीबरी से एक हीरो स्प्लेन्डर मोटरसाइकिल चोरी की थी एवं दो मोटरसाइकिलें कई दिन पहले चोरी की थीं, लेकिन जगह याद नहीं है। तीनों मोटरसाइकिलें हम दोनों ने इकट्ठी करके शमशान घाट यमुना नदी के किनारे टीले की आड़ में खड़ी कर रखी हैं। आज हम दोनों गाड़ियों को बेचने की फिराक में थे। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण की निशानदेही पर बताये स्थान पर पहुंच 03 अदद मोटरसाइकिलें 01–हीरो स्प्लेण्डर बिना नम्बर प्लेट चैसिस नम्बर से पता करने पर जानकारी हुयी इस सम्बन्ध में थाना डौकी पर मु0अ0सं0 164/2022 धारा 379 भादवि पंजीकृत है।, 02–हीरो होण्डा स्प्लेण्डर प्लस यूपी 80 बीएच 0385 व 03–प्लेटीना बिना नम्बर बरामद हुयीं। इस सम्बन्ध में थाना डौकी पर मु0अ0सं0 168/22 धारा 41/102 सीआरपीसी, 411/414/420/467/468/471 भादवि पंजीकृत किया गया।

अभियुक्तगण का नाम :–

01. योगेश उर्फ जुगनू पुत्र रामहरी नि0 नगला बिना थाना बसई मौहम्मदपुर जनपद फिरोजाबाद।
02. प्रदीप उर्फ उमाशंकर पुत्र महाराज सिंह बाबरपुर थाना राजाखेड़ा जनपद धौलपुर।

बरामदगी का विवरण :–

01. 01 ईको गाड़ी।
02. 03 मोटरसाइकिल

- हीरो स्प्लेण्डर बिना नम्बर प्लेट।
- हीरो होण्डा स्प्लेण्डर प्लस यूपी 80 बीएच 0385 ।
- प्लेटीना बिना नम्बर।

आपराधिक इतिहास का विवरण :–

अभियुक्त योगेश उर्फ जुगनू

01. मु0अ0सं0 164/2022 धारा 379 भादवि थाना डौकी जनपद आगरा।

02. मु0अ0सं0 168/22 धारा 41/102 सीआरपीसी, 411/414/420/467/468/471 भादवि थाना डौकी जनपद आगरा।
03. मु0अ0सं0 131/21 धारा 379/411 भादवि थाना बसई मौहम्मदपुर जनपद आगरा।

अभियुक्त प्रदीप उर्फ उमाशंकर

01. मु0अ0सं0 164/2022 धारा 379 भादवि थाना डौकी जनपद आगरा।

02. मु0अ0सं0 168/22 धारा 41/102 सीआरपीसी, 411/414/420/467/468/471 भादवि थाना डौकी जनपद आगरा।

पुलिस टीम का विवरण :–

01. थानाध्यक्ष श्री बहादुर सिंह थाना डौकी जनपद आगरा।
02. व0उ0नि0 योगेन्द्र सिंह थाना डौकी जनपद आगरा।
03. उ0नि0 सर्वेश कुमार थाना डौकी जनपद आगरा।
04. उ0नि0 राजेन्द्र सिंह थाना डौकी जनपद आगरा।
05. है0का0 अखलेश कुमार थाना डौकी जनपद आगरा।
06. का0 अरुण कुमार थाना डौकी जनपद आगरा।
07. का0 राहुल तेवतिया थाना डौकी जनपद आगरा।

मीडिया सेल जनपद आगरा।